शनिवार 24 फरवरी 2024

www.dabangindianews.in

# कृषि महाविद्यालय में रोजगार चौपाल का आयोजन

उत्सव कुमार । दबंग इंडिया



बक्शी का तालाब, लखनऊ । बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मेधा लर्निंग फाउंडेशन एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की शुरुआत चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी तथा प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर प्रारंभ की। कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रांगण में प्रमुख रूप से यूपीएल प्राइवेट लिमिटेड, शिव शक्ति एग्रोटेक, प्योर एग्रीकल्चर ऑर्गेनिक लिमिटेड, ग्रामिक इंडिया, डब्ल्यू आर लिमिटेड, नैतिक एग्री लिमिटेड एवं रिलायंस रिटेल सहित एक दर्जन कंपनियों ने 80 से अधिक छात्रों को अपनी कंपनियों में प्लेसमेंट दिया। प्रमुख रूप से 2.5 से लेकर 3 लाख के वार्षिक पैकेज प्लेसमेंट दिया गया। मेधा लर्निंग फाउंडेशन के रीजनल लीड रवी रंजन मिश्रा ने बताया कि 2011 में कंपनी की स्थापना हुई थी लगभग 30000 से अधिक एलुमिनाई कंपनी में पंजीकृत हैं अभी तक लगभग 7 से 8 अल्युमिनायी को विभिन्न कंपनियों में नौकरी दिलाई गई है। संस्था प्रमुख रूप से छात्रों के स्किल डेवलपमेंट और उनके कैरियर डेवलपमेंट पर काम कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि मेधा लर्निंग फाउंडेशन हमारे महाविद्यालय पिछले 2 वर्षों से बच्चों के स्किल डेवलपमेंट एवं कैरियर डेवलपमेंट का कार्य कर रही है इसमें लगभग महाविद्यालय के 80 से अधिक छात्र- छात्राये पंजीकृत हैं आगे भी छात्रों को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। भविष्य में महाविद्यालय में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा जिसमें राजधानी के नवयुवकों को नौकरी दिलाई जाएगी। कैरियर चौपाल का आयोजन महाविद्यालय के कृषि प्रसार विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा किया गया।

# कृषि महाविद्यालय में रोजगार चौपाल का आयोजन।

अशोक राजपूत

लखनऊ बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मेधा लर्निंग फाउंडेशन एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की शुरुआत चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी तथा प्राचार्य



प्रो गजेंद्र सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर प्रारंभ की। कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रांगण में प्रमुख रूप से यूपीएल प्राइवेट लिमिटेड, शिव शक्ति एग्रोटेक, प्योर एग्रीकल्चर ऑर्गेनिक लिमिटेड, ग्रामिक इंडिया, डब्ल्यू आर लिमिटेड, नैतिक एग्री लिमिटेड एवं रिलायंस रिटेल सहित एक दर्जन कंपनियों ने 80 से अधिक छात्रों को अपनी कंपनियों में प्लेसमेंट दिया। प्रमुख रूप से 2.5 से लेकर 3 लाख के वार्षिक पैकेज प्लेसमेंट दिया गया। मेधा लर्निंग फाउंडेशन के रीजनल लीड रवीद्द रंजन मिश्रा ने बताया कि 2011 में कंपनी की स्थापना हुई थी लगभग 30000 से अधिक एलुमिनाई कंपनी में पंजीकृत हैं अभी तक लगभग 7 से 8 अल्युमिनायी को विभिन्न कंपनियों में नौकरी दिलाई गई है। संस्था प्रमुख रूप से छात्रों के स्किल डेवलपमेंट और उनके कैरियर डेवलपमेंट पर काम कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने बताया कि मेधा लर्निंग फाउंडेशन हमारे महाविद्यालय पिछले 2 वर्षों से बच्चों के स्किल डेवलपमेंट एवं कैरियर डेवलपमेंट का कार्य कर रही है इसमें लगभग महाविद्यालय के 80 से अधिक छात्र– छात्राये पंजीकृत हैं आगे भी छात्रों को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। भविष्य में महाविद्यालय में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा जिसमें राजधानी के नवयुवकों को नौकरी दिलाई जाएगी। कैरियर चौपाल का आयोजन महाविद्यालय के कृषि प्रसार विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा किया गया।

# कॅरिअर चौपाल में 80 छात्रों को ऑफर लेटर



बख्शी का तालाब। चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेधा लर्निंग फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को कॅरिअर चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें 1034 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। जिसमें से 80 छात्रों को ऑफर लेटर दिया गया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक दर्जन से अधिक कंपनियों को कॅरिअर चौपाल में बुलाया गया था। इसमें कई कंपनियों ने तीन लाख रुपये सालाना से अधिक के पैकेज पर 80 छात्रों को ऑफर लेटर दिया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही महाविद्यालय में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। (संवाद)

# कृषि महाविद्यालय में रोजगार चौपाल का हुआ आयोजन



लखनऊ । बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में मेधा लर्निंग फाउंडेशन एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की शुरूआत चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी तथा प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, प्रो योगेश कुमार शर्मा ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर प्रारंभ की। कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रांगण में प्रमुख रूप से यूपीएल प्राइवेट लिमिटेड, शिव शक्ति एग्रोटेक, प्योर एग्रीकल्चर ऑर्गेनिक लिमिटेड, ग्रामिक इंडिया, डब्ल्यू आर लिमिटेड, नैतिक एग्री लिमिटेड एवं रिलायंस रिटेल सहित एक दर्जन कंपनियों ने 80 से अधिक छात्रों को अपनी कंपनियों में प्लेसमेंट दिया। प्रमुख रूप से 2.5 लाख से लेकर 3 लाख के वार्षिक पैकेज का प्लेसमेंट दिया गया। मेधा लर्निंग फाउंडेशन के रीजनल लीड रवी रंजन मिश्रा ने बताया कि 2011 में कंपनी की स्थापना हुई थी लगभग 30000 से अधिक एलुमिनाई कंपनी में पंजीकृत हैं


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों को सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्टज एसी से चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

# नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से बढ़ेगा उत्पादन: प्रो गजेंद्र

अनुज राजपूत

इटौंजा। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड लखनऊ कार्यालय द्वारा इटौंजा स्थित पीएमकेएसके केंद्र मे शुक्ला खाद भण्डार रामपुर बेहड़ा पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रबन्धक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ बी. के. मिश्रा द्वारा कंपनी के विभिन्न उत्पादों के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी के देने के साथ ही पीओएस सेल के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय निदेशक प्रो योगेश शर्मा द्वारा मृदा मे जैविक उर्वरकों एवं बेंटोनाईट सल्फर के प्रयोग से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गजेंद्र सिंह द्वारा गेहूं की फसल मे संतुलित उर्वरको के उपयोग के बारे में अवगत कराया उन्होंने बताया कि गेहूं मे 4:2:1 एक के अनुपात मे नाइट्रोजन फास्फोरस पोटाश की आवश्यकता होती है जबकि किसान 7.7 : 3.1: 1 के अनुपात मे नाइट्रोजन, फास्फोरस पोटाश का प्रयोग कर रहे हैं जिससे कृषि योग भूमि निरंतर खराब होती चली जा रही है जिससे उत्पादन के ऊपर प्रभाव भी पड़ रहा है। उन्होंने संतुलित खाद के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश के साथ में जिंक, सल्फर मैग्निशियम एवं कैलशियम की भी फसलों को आवश्यकता होती है कहा की मिट्टी की जांच करने के बाद सूक्ष्म पोषक तत्वों का सही प्रबंधन फसलों के उत्पादन के लिए बहुत जरूरी है। महाविद्यालय के कृषि कीट विज्ञान विभाग के सह- आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा किसानों को मृदा परीक्षण,संतुलित उर्वरकों के उपयोग की महत्ता एवं उन्नत नवीन कृषि पद्धतियों से अवगत कराया और किसानों को बताया की प्रमुख रूप से मौसम मे परिवर्तन हो रहा है इस समय आम, खीरा, ककड़ी, तरबूज एवं खरबूजा मे बीमारियां बढ़ती है निगरानी करते रहे। किसानों को जैविक खेती के लाभ बताएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे किसानो को खेती संबंधित समस्याओं से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। प्रगतिशील किसान सूबेदार सिंह द्वारा



चूहा प्रबंधन पर प्रश्न पूछा गया जिसमे डॉ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि चूहा को जैविक विधि द्वारा प्रबंध करना चाहिए इसके लिए रुई के छोटे–छोटे गोले बनाकर उन्हें राब या गुड़ के घोल मे डालकर चूहों को खाने के लिए दिया जाता है चूहा इसे खाने के बाद बहुत तेज से भागता है और दूर जाकर मर जाते है। प्रशिक्षण के अंत मे सभी कृषक बंधुओं को मध्याह्न भोजन कराया गया और सभी कृषको को 1 किलोग्राम किसान बेंटोनाईट सल्फर एवं तरल जैव उर्वरक का निशुल्क वितरण किया गया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रभारी महेश कुमार, कार्यालय लेखा प्रभारी सौरव अग्रवाल, प्रगतिशील किसान सूबेदार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, जय नारायण मिश्रा, बृजभान सिंह, राणा प्रताप यादव सहित 73 किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में आए हुए सभी किसानों को जिला प्रभारी महेश मौर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 403वाँ युगऋषि ऋषि वाङ्मय की स्थापना

शैलेंद्र प्रताप सिंह



गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत "वीर बहादुर सिंह महिला महाविद्यालय, संजयगॉधीपुरम फैजाबाद रोड, लखनऊ" के पुस्तकालय मे गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 403वॉं ऋषि वांङमय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती सरोज श्रीवास्तव जी ने अपने सम्मानित पूर्वज पूज्य माता स्व. चन्द्रावती, एवं पूज्य विद्यावती देवी की स्मृति मे भेंट किया तथा उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी उन्होंने अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङमय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि "ऋषि साहित्य छात्र–छात्राओं मे नैतिक शिक्षा का विकास करता है।" डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. बीना दुबे ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, डॉ. नीलम गुप्ता, श्री अनिल भटनागर, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, संस्थान के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह, प्रबन्धक श्रीमती अंजू सिंह, विभागाध्यक्ष बी.एड. डॉ. पंकज तिवारी, प्राचार्या डॉ. बीना दुबे, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती माधुरी श्रीवास्तव, संकाय सदस्य डॉ. श्रुति तिवारी, सहित संकाय सदस्य एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।